थर्डमिल संस्थान

प्रशिक्षक ओरिएंटेशन

थर्डमिल संस्थान विश्व स्तर पर कलीसियाओं और स्थानीय अगुवों को सशक्त बनाने के लिए उपलब्ध है ताकि वे दूसरों को मुफ्त प्रमाणित बाइबल प्रशिक्षण के द्वारा सेवकाई के लिए तैयार कर सकें।

थर्डमिल संस्थान क्या है?

बीस से अधिक वर्षों से रिचर्ड प्रैट और **थर्ड मिलेनियम सेवकाई उच्च गुणवत्ता** के मल्टीमीडिया अध्यायों के रूप में "बाइबल-आधारित शिक्षा, पूरे संसार के लिए, मुफ्त में" बना रहे हैं, जिनमें वे उन विषयों को समाहित करते हैं जो सभी सेमिनारियाँ अपने बाइबल और धर्मविज्ञान विभागों में पढ़ाती हैं। इन मल्टीमीडिया अध्यायों का कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है और उन सब के लिए मुफ़्त में उपलब्ध कराया गया है जो सीखने के इच्छुक हैं और परमेश्वर के वचन को बेहतर तरीके से जानना चाहते हैं। डिजाइन के रूप में इन अध्याय श्रृंखलाओं की रचना व्यक्तिगत रूप से और अन्य श्रृंखलाओं पर निर्भरता के बिना की गई है। इसने पाठ्यक्रम को कई संस्कृतियों और संदर्भों में विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक लचीलापन प्रदान किया है।

थर्डमिल संस्थान कुछ नया प्रस्तुत करता है। यह अध्याय श्रृंखलाओं को पाठ्यक्रमों के साथ जोड़कर डिजाइन और संरचना प्रदान करता है ताकि छात्रों और प्रशिक्षकों को उनके सीखने के सामुदायिक वातावरण में अधिक मानकीकृत अनुभव प्रदान कर सके। ***थर्डमिल संस्थान*** तीन सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम की समग्र दिशा को निर्धारित करके संरचना की आवश्यकता को भी पूरा करता है। प्रत्येक सर्टिफिकेट में साप्ताहिक या नियमित गतिविधियाँ शामिल होती हैं, और जो इन तीनों को पूरा करते हैं उन्हें इनके अंत में डिप्लोमा प्राप्त होता है। और आप, अर्थात् प्रशिक्षक इस सारे कार्य को पूरा करने की कुंजी हैं।

एक छात्र के जीवन में संस्थान का लक्ष्य तीन रूपीय है। पहला, कि वे पाठ्य सामग्री को समझें और आत्मसात करें। दूसरा, कि वे यह सीखें कि पाठ्य सामग्री को अपने वर्तमान और वास्तविक-विश्व सेवकाई के अनुभव पर कैसे लागू किया जाए। और तीसरा, कि पाठ्य सामग्री परमेश्वर के साथ उनके संबंध को बढ़ाए और उसके साथ गहन विकास को सुगम बनाए।

एक प्रशिक्षक के रूप में आपकी भूमिका क्या है?

एक प्रशिक्षक होते हुए एक संरक्षक के रूप में आपकी भूमिका आपके छात्रों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। आप दूसरों को पाठ्य सामग्री से लेकर चलते हैं। कई रूपों में, आपकी भूमिका एक सहायक की है। वीडियो अध्ययन आप ही अधिकांश शिक्षण कार्य कर लेंगे, प्रश्नोत्तरी और परीक्षा मूल्यांकन का ज्यादातर काम कर लेंगी, और चर्चा मार्गदर्शिकाएँ छात्रों को वे प्रोत्साहन प्रदान करेंगी जो उन्हें उनके द्वारा सीखी गई बातों को स्पष्ट करने के लिए चाहिए। आपकी भूमिका सबको सही मार्ग पर बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि प्रत्येक पाठ्यक्रम की पाठ्य सामग्री का उपयोग आपके विशेष संदर्भ में उसकी पूरी क्षमता के साथ हो, विशेष रूप से संस्थान बैज (सेवकाई और जीवन कौशल) के संबंध में। प्रशिक्षक की भूमिका और प्रशिक्षण के संबंध में संस्थान के सिद्धांत के बारे में अधिक जानने के लिए कृपया "थर्डमिल संस्थान प्रशिक्षण के सिद्धांत" नामक प्रलेख को देखें।

आपको किन लोगों को एकत्रित करना चाहिए?

यह वास्तव में आप पर निर्भर करता है आप अपने समूह या दल के लिए किन लोगों को इकट्ठा करते हैं। यह सुनिश्चित करें कि वे समर्पित हैं और सीखने के लिए उत्सुक हैं। यह सुनिश्चित करें कि उनके पास इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए समय और ऊर्जा है। यह सुनिश्चित करें कि वे सही उद्देश्यों के साथ आपसे जुड़ रहे हैं। उसके बाद, आप जिन्हें चाहें शामिल करने के लिए स्वतंत्र हैं।

Version 2.1

जब हम ऐसा कह रहे हैं, तो संस्थान के पाठ्यक्रम में हमने जो कुछ भी शामिल किया है, वह कम संसाधनों वाले पास्टरों और कलीसिया के अगुवों तथा साथ ही साथ पास्टर/अगुवे बनने का प्रशिक्षण लेने वालों को ध्यान में रखकर किया है। संस्थान के बैज (उनके बारे में नीचे और अधिक दिया गया है) को उन आवश्यकताओं के प्रत्युत्तर के रूप में बनाया गया है जिनका सामना पास्टर/अगुवे अपनी सेवकाई *और* अपने व्यक्तिगत जीवनों में करते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि वे घटक दूसरों के लिए सहायक नहीं होंगे, वे अवश्य सहायक होंगे। परंतु उनका लाभ सबसे स्पष्ट रूप से उन लोगों को मिलेगा जो वर्तमान में कलीसिया की अगुवाई के पद पर हैं या सक्रिय सेवकाई में उनकी कोई भूमिका है।

ध्यान रखें, हम आशा करते हैं कि छात्र हर सप्ताह लगभग तीन से पांच घंटे अपने आप अध्ययन में बिताएँगे और सप्ताह में लगभग डेढ़ घंटे अपने समूह में आपके साथ बिताएँगे। यदि आप साप्ताहिक रूप से एकत्रित होना चुनते हैं तो पाठ्यक्रम 7 से 11 सप्ताह तक के हैं। और प्रत्येक ***सर्टिफिकेट*** में ***चार या पांच पाठ्यक्रम*** शामिल होते हैं। छात्रों को अपने समूह में जोड़ने से पहले, उन्हें

पहले से यह बताना महत्वपूर्ण है कि इसमें कितना समय और परिश्रम देना होगा और आप कितने अंतराल पर मिलने की योजना बना रहे हैं।

अंत में, जब आप एक साथ अध्ययन करने के लिए समूहों की रचना कर रहे हैं तो समूह के आकार पर विचार करना महत्वपूर्ण है। एक प्रशिक्षक के रूप में, आप इन छात्रों की प्रगति पर नज़र रखेंगे और प्रत्येक सप्ताह चर्चा में उनकी अगुवाई करेंगे। कई लोगों के लिए 5-6 लोगों से बड़े समूह को रखना मुश्किल होगा। कुछ लोगों के पास शायद 12-15 लोगों जितने बड़े समूह भी हो सकते हैं, परंतु हम उन्हें प्रोत्साहित करेंगे कि वे चर्चा के समय के लिए उन समूहों को छोटी-छोटी इकाइयों में बाँट लें जिनमें चर्चा के लिए नियुक्त अगुवे हों। साथ ही, यदि आपके समूह में केवल एक छात्र है, तो उस कारण से आप रुक न जाएँ।

आपको कितने अंतराल पर एकत्रित होना चाहिए?

हमारी सिफारिश है कि आप प्रत्येक मॉड्यूल की सामग्री पर चर्चा करने के लिए साप्ताहिक रूप से एकत्रित हों। यह प्रत्येक मॉड्यूल में अध्याय को समझने और लागू करने में सबसे अधिक सहायक होगा। हम यह भी समझते हैं कि हर संदर्भ में यह हमेशा संभव भी नहीं होता है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, आपको यह तय करने की आजादी है कि आप कितनी बार एकत्रित होते हैं।

3 सर्टिफिकेट = 1 डिप्लोमा

थर्डमिल इंस्टीट्यूट वर्तमान में तीन अलग-अलग सर्टिफिकेट प्रोग्राम प्रदान करता है, जिन्हें पूरा कर लेने पर संस्थान का ***मसीही सेवकाई में डिप्लोमा*** पूरा हो जाता है। इनमें से पहले को ***फाउंडेशन सर्टिफिकेट*** कहा जाता है। यह चार पाठ्यक्रमों का सर्टिफिकेट बाइबल और धर्मविज्ञान दोनों में एक ठोस बुनियाद प्रदान करता है और सभी समूहों को यहीं से शुरू करना चाहिए। जब यह पूरा हो जाता है तो समूह या तो *बाइबल अध्ययन के सर्टिफिकेट* अथवा *धर्मवैज्ञानिक अध्ययन में सर्टिफिकेट* पर काम कर सकते हैं, या फिर दोनों पर एक साथ काम कर सकते हैं। इसे इस तरह से तैयार किया गया है कि यदि आप प्रत्येक पाठ्यक्रम के बीच अंतराल लेते हैं तो प्रत्येक सर्टिफिकेट में लगभग एक वर्ष लगना चाहिए। यह आपके और आपके सीखनेवाले समुदाय के निर्णय के आधार पर जल्दी भी पूरा हो सकता है, या इसमें अधिक समय भी लग सकता है।

बाइबल अध्ययन के सर्टिफिकेट में थर्डमिल के पुराने नियम और नए नियम के शेष पाठ्यक्रमों को पूरा किया जाता है, जबकि ***धर्मवैज्ञानिक अध्ययन में सर्टिफिकेट*** में थर्डमिल के धर्मविज्ञान के शेष पाठ्यक्रमों को पूरा किया जाता है। चाहे आप शेष सारे बाइबल पाठ्यक्रमों का अध्ययन करें, अथवा शेष सारे धर्मविज्ञान पाठ्यकर्मों का अध्ययन करें, या फिर जब तक कि आप दोनों को पूरा नहीं कर लेते तब तक बारी-बारी से इनका अध्ययन करें यह संपूर्ण निर्णय एक

प्रशिक्षक के रूप में आपका ही है। चार पाठ्यक्रमों पर आधारित ***फ़ाउंडेशन सर्टिफिकेट*** के विपरीत, बाइबल और धर्मविज्ञान सर्टिफिकेट दोनों में *पाँच* पाठ्यक्रम शामिल होते हैं।

थर्डमिल इंस्टीट्यूट के पाठ्यक्रम की संरचना

थर्डमिल इंस्टीट्यूट के पाठ्यक्रम थर्डमिल की अध्ययन श्रृंखलाओं के साथ-साथ अध्ययन मार्गदर्शिकाओं, चर्चा निर्देशिकाओं और संस्थान बैज (सेवकाई और जीवन कौशल) जैसे अतिरिक्त प्रलेखों का एक संयोजन हैं। पाठ्यक्रमों में एक पाठ्यक्रम मार्गदर्शिका, साप्ताहिक प्रश्नोत्तरी और अंतिम परीक्षा भी पाई जाती है। थर्डमिल पाठ्यक्रम को 7-11 सप्ताह के पाठ्यक्रमों में मानकीकृत करने के प्रयास में हमने प्रत्येक पाठ्यक्रम में 1-3 अध्ययन श्रृंखलाओं को जोड़ा है। उदाहरण के लिए, थियोलॉजिकल फ़ाउंडेशन कोर्स में *प्रेरितों का विश्वास-कथन* और *अपने धर्मविज्ञान का निर्माण करना* को एक साथ रखा गया है। ऐसा करने से, आप देखेंगे कि थियोलॉजिकल फ़ाउंडेशन मॉड्यूल 7 का वीडियो अध्ययन और लिखित सामग्री *अपने धर्मविज्ञान का निर्माण करना* के अध्याय 1 के समान है। **किसी भी संभावित भ्रम को दूर करने के लिए अपने छात्रों को यह समझाना महत्वपूर्ण है।**

ऑनलाइन कक्षा और ऑफलाइन माइक्रो एसडी कार्ड

थर्डमिल इंस्टीट्यूट का उपयोग करने का एक महत्वपूर्ण तरीका ऑनलाइन कक्षा institute.thirdmill.org है। यहाँ छात्र अपना एक अकाउंट बनाते हैं, पाठ्यक्रमों में नामांकन करते हैं, अध्ययनों को देखते हैं, प्रश्नोत्तरी में प्रश्नों का उत्तर देते हैं और प्रासंगिक प्रलेखों को डाउनलोड करते हैं। और यहीं पर आप उनकी प्रगति को देख पाएँगे। यह वह स्थान भी है जहाँ आप उन छात्रों के समूह की सहायता करने के लिए आवश्यक सब बातों को देख पाएँगे जिनके पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है और जिन्हें "ऑफ़लाइन" संस्करण की आवश्यकता है। जब इंटरनेट की सुविधा न हो, तो पूरी सामग्री माइक्रो एसडी कार्ड के माध्यम से और प्रिंट करने योग्य प्रारूप में भी उपलब्ध है। ऑफलाइन माइक्रो एसडी कार्ड को प्राप्त करने के लिए कृपया thirdmill.org/request पर जाकर फॉर्म भरें।

प्रत्येक पाठ्यक्रम के तत्व

- **पाठ्यक्रम निर्देशिका**
- **संस्थान बैज**
- **7-10 मॉड्यूल**
- **अंतिम परीक्षा**

पाठ्यक्रम निर्देशिका

थर्डमिल इंस्टीट्यूट के हर पाठ्यक्रम में एक पाठ्यक्रम निर्देशिका शामिल होगी। इस प्रलेख को पाठ्यक्रम पृष्ठ के शीर्ष पर और माइक्रो एसडी कार्ड पर पाया जा सकता है। इसमें पाठ्यक्रम की सामग्री और उद्देश्य के संबंध में आधारभूत जानकारी शामिल होगी। विशेष रूप से, इसमें पाठ्यक्रम विवरण, पाठ्यक्रम के लक्ष्य और उद्देश्य, मोड्यूल्स की एक सूची, पाठ्यक्रम के तत्वों का एक विवरण, ग्रेडिंग की जानकारी और अध्ययनों की सामग्री में योगदान देनेवाले प्रोफेसरों/पास्टरों की एक सूची शामिल होगी।

संस्थान बैज (सेवकाई और जीवन कौशल)

थर्डमिल इंस्टीट्यूट की विशिष्ट विशेषताओं में से एक वह कार्य है जो आपका समूह प्रत्येक पाठ्यक्रम के साथ सेवकाई के बैज पर करेगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम के साथ दिए गए बैज के लिए निर्देश दिए गए हैं और यह भी बताया गया है कि उस बैज को दिए जाने से पहले किन बातों को पूरा करने की जरूरत है। प्रत्येक बैज प्रलेख में चार घटक हैं : बैज के विषय का वर्णन करनेवाला एक प्रारंभिक पद/अनुच्छेद, बैज घटक, चर्चा के विषय, और कार्य करने की बुलाहट। हमारी आशा है कि आप पाठ्यक्रम के आगे के भाग में पाई जानेवाली कार्य की बुलाहट पर जाने से पहले चर्चा के विषयों में प्रस्तुत बड़े विचारों से संवाद करने के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम की शुरुआत में कुछ समय बिताएँगे।

बैज कार्य, चर्चा और कार्य की बुलाहट दोनों, को पाठ्यक्रम के पूरे *सात से ग्यारह सप्ताहों के लिए,* या फिर आप कितनी बार एकत्रित होते हैं उससे अधिक बार आपके समूहों में आपकी नियमित चर्चा का हिस्सा बनना चाहिए। प्रशिक्षक के रूप में आप बैज के विषय की अपनी समझ से सहायता प्राप्त करेंगे ताकि आप बैज के काम में सहायता कर सकें और बैज के मानदंड के पूरा होने पर स्वीकृति की अंतिम मुहर लगा सकें। बैजों में *शिक्षण, अगुवाई, कलीसिया जीवन, प्रार्थना, सुसमाचार-प्रचार, भक्तिपूर्ण जीवन,* और ऐसे बहुत से विषय शामिल होते हैं।

<u>प्रत्येक पाठ्यक्रम के तत्व</u>

1. **वीडियो अध्ययन/लिखित सामग्री/ऑडियो**
2. **अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ**
3. **प्रश्नोत्तरियाँ**
4. **चर्चा निर्देशिकाएँ/सीखने वाले समुदाय में समय बिताना**

1. वीडियो अध्ययन/लिखित सामग्री/ऑडियो

किसी भी पाठ्यक्रम के केंद्र में वह विषय-वस्तु होती है जिसे प्रस्तुत किया जाता है और वह तरीका होता है जिसमें उस विषय-वस्तु को प्रदान किया जाता है। ***थर्डमिल इंस्टीट्यूट*** के पास थर्ड

मिलेनियम मिनिस्ट्रीज के माध्यम से मल्टीमीडिया बाइबल पाठ्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ संसाधनों की आशीष प्राप्त है। प्रत्येक सप्ताह छात्र एक ऐसे अध्ययन को देखेंगे, पढ़ेंगे या सुनेंगे जिसमें पुरस्कार जीतनेवाले ग्राफिक्स, पूरी दुनिया के पास्टरों और प्रोफेसरों के साक्षात्कार और मजबूत बाइबल शिक्षण शामिल होते हैं।

2. अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ

यद्यपि ***थर्डमिल*** अध्याय एक स्पष्ट और समझने योग्य शैली में लिखे गए हैं, फिर भी उनमें ऐसे विषय हैं जिन्हें समझना कभी-कभी मुश्किल होता है। साथ ही, एक अध्याय में बहुत सी जानकारी शामिल हो सकती है, बहुत बार प्रोफेसर द्वारा कई कक्षाओं में एक अध्याय से अधिक सामग्री को सिखाया जा सकता है। छात्रों को इस बात में सहायता करने के लिए कि वे सामग्री को उद्देश्य के साथ और पूरी तरह से सीखें, हमने प्रत्येक मॉड्यूल के लिए अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ प्रदान की हैं। प्रत्येक अध्ययन मार्गदर्शिका को समय संकेतों के साथ खंडों में विभाजित किया गया है जो प्रत्येक मॉड्यूल में शामिल मुख्य श्रेणियों के अनुरूप हैं। अनुभागों में दो मुख्य घटक पाए जाते हैं : **नोट्स लेने की रूपरेखा** और **पुनर्समीक्षा के प्रश्न।** छात्रों को वीडियो व्याख्यान देखते समय **नोट्स लेने की रूपरेखा** का उपयोग करना है और फिर मॉड्यूल प्रश्नोत्तरी की तैयारी के लिए **पुनर्समीक्षा के प्रश्नों** का उत्तर देना है। एक प्रशिक्षक के रूप में आप सुनिश्चित करें कि छात्र जब प्रत्येक सप्ताह सामग्री का अध्ययन करते हैं, तो वे इन अध्ययन मार्गदर्शिकाओं का प्रयोग करें।

3. प्रश्नोत्तरियाँ

प्रत्येक मॉड्यूल में एक **प्रश्नोत्तरी** शामिल है जिसमें बहुविकल्पीय, सही/गलत और सही मिलान करनेवाले प्रश्न शामिल होंगे। एक बार जब छात्र वीडियो देख लेता है, नोट्स ले लेता है, और सामग्री का पर्याप्त रूप से अध्ययन कर लेता है, तो उन्हें प्रश्नोत्तरी को पूरा करना होगा, जिसकी रचना ऐसे की गई हैं कि उसमें लगभग 20 मिनट (प्रति प्रश्न एक मिनट) लगेंगे। उत्तीर्ण होने योग्य अंक प्राप्त करने के लिए और प्रश्नोत्तरी को "पूर्ण" के रूप में चिह्नित कराने के लिए, उन्हें 80% से अधिक अंक लाने जरूरी हैं। यदि कोई छात्र कम से कम 80% अंक प्राप्त नहीं करता है तो वे फिर से प्रश्नोत्तरी के प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं परंतु प्रश्नोत्तरी के दोबारा शुरू होने से पहले उन्हें कम से कम एक घंटे प्रतीक्षा करनी होगी। हम छात्र को प्रोत्साहित करते हैं कि फिर से प्रश्नोत्तरी के प्रश्नों का उत्तर देने से पहले उस एक घंटे का प्रयोग अध्ययन करने के लिए करें। जब तक वे उत्तीर्ण होने योग्य अंक प्राप्त नहीं कर लेते, वे जितनी बार चाहें प्रयास कर सकते हैं।

हालांकि यह अंततः प्रशिक्षक के रूप में आप पर निर्भर करेगा, फिर भी हम आपको भी प्रोत्साहित करते हैं कि आप छात्रों के समक्ष साप्ताहिक/नियमित चर्चा की बैठकों में आने से पहले पर्याप्त रूप से अध्ययन करने और प्रश्नोत्तरी में उत्तीर्ण होने योग्य अंक प्राप्त करने की माँग रखें। यह

कम से कम आंशिक रूप से इस बात को सुनिश्चित करेगा कि वे उस सप्ताह की पाठ्यक्रम सामग्री को समझ गए हैं और आपके समूह के साथ उनके बारे में बात करने के लिए तैयार हैं।

4. चर्चा निर्देशिकाएँ/सीखने वाले समुदाय में समय बिताना

यहाँ तक, आप अपने आप से यह कह रहे होंगे, "हर किसी की निगरानी करने के अलावा, प्रशिक्षक के रूप में मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ नहीं है ..." जो कि ठीक भी है। शिक्षा से जो बातें लोग जोड़ते हैं, उनमें से अधिकांश बातें वीडियो अध्यायों और प्रश्नोत्तरियों में ही दी गई हैं। परंतु ***थर्डमिल*** ने हमेशा चर्चा समूहों में होनेवाली आमने-सामने की बातचीत को अत्यधिक महत्व दिया है, और यही वह अवसर है जहाँ आपकी भूमिका आती है। प्रत्येक मॉड्यूल के साथ, हमने चर्चा निर्देशिकाओं को शामिल किया है जिनका प्रयोग आप प्रत्येक सप्ताह छात्रों द्वारा अभी-अभी पढ़े गए अध्यायों के संबंध में अपने समूह के साथ बातचीत की अगुवाई करने में करेंगे। और आप किसी संशय में न रहें, इन वार्तालापों में ही छात्र वास्तव में अपने सोच-विचार में अध्यायों से सीखी अवधारणाओं को मजबूत करेंगे और उन बातों को प्राप्त करेंगे जिनको उन्हें सेवकाई और परमेश्वर के साथ अपने संबंध पर लागू करने की आवश्यकता है।

प्रत्येक चर्चा निर्देशिका में दो तत्व हैं : पहले पृष्ठ पर **विचार-विमर्श के प्रश्न** हैं और दूसरे पृष्ठ पर एक समीक्षा कथन और प्रश्नों के साथ एक **विषय का अध्ययन।** प्रशिक्षक के रूप में, उस चर्चा में सहायता करने के लिए आपके पास *चर्चा निर्देशिका के उन सभी घटकों* का प्रयोग करने की **पूर्ण आजादी** है जिनका आप प्रयोग करना चाहते हैं, जो लगभग **एक घंटे से डेढ़ घंटे** तक चलनी चाहिए। यह जरूरतों, सांस्कृतिक संदर्भ और समूह के आकार के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। हो सकता है कि कुछ सप्ताह आप शायद चर्चा के एक प्रश्न और विषय के अध्ययन का प्रयोग करें। हो सकता है कि कुछ सप्ताह आप शायद चर्चा के कुछ प्रश्नों का ही प्रयोग करें। और हो सकता है कि कुछ सप्ताह आप शायद सब कुछ का प्रयोग करें। इन निर्देशिकाओं का उद्देश्य एक प्रशिक्षक के रूप में आपको आपके समूह के सदस्यों के बीच अच्छी, स्वस्थ, मजबूत वार्तालाप को शुरू करने एक साधन प्रदान करना है जब वे अध्याय की अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करते हैं। आप चर्चा निर्देशिकाओं का कैसे भी उपयोग करना चाहें, पर यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपके छात्र इस बात से अवगत हैं कि उनसे पहले पृष्ठ के चर्चा के सारे प्रश्नों पर ध्यान देने की और उनका उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है और उन्हें उन पर चर्चा करने के लिए तैयार रहना है। इसके अतिरिक्त, यह लाभकारी हो सकता है यदि उन्होंने विषय के अध्ययन को पढ़ लिया हो और इसके बारे में बात करने के लिए तैयार हों। यह आवश्यक नहीं है कि उन्होंने आपकी समूह बैठक से पहले विषय के अध्ययन के प्रश्नों का उत्तर दे दिया हो क्योंकि उनका उद्देश्य एक समूह के रूप में एक साथ चर्चा करने का है।

सामूहिक चर्चा पर एक अन्य बात, प्रशिक्षक के रूप में आपकी भूमिका में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी शामिल होती है कि आपके समूह के ***प्रत्येक व्यक्ति*** को पर्याप्त रूप से भागीदारी

का अवसर मिले। कुछ लोग ज्यादा बात करते हैं। कुछ लोग कम बात करते हैं। परंतु यदि आप देखते हैं कि एक व्यक्ति इतनी अधिक बातचीत करता है कि दूसरे अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाते या उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं मिलता, तो आपको इसे सुधारने के लिए सांस्कृतिक रूप से सबसे उपयुक्त तरीका खोजने की आवश्यकता है। साथ ही, यदि आपके समूह में कई लोग स्वाभाविक रूप से शांत रहना पसंद करते हैं और दूसरों को बात करने देते हैं, तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उन्हें समूह के साथ अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन और स्वतंत्रता प्रदान करें।

अंतिम परीक्षा

प्रत्येक पाठ्यक्रम के अंत में हमने 60 प्रश्नों की **अंतिम परीक्षा** को जोड़ा है जिसमें उस पाठ्यक्रम के सारे अध्यायों की विषय-वस्तु शामिल है। प्रश्नोत्तरियों के समान छात्रों को 80% अंक प्राप्त करने होंगे, केवल तभी ऑनलाइन कक्षा के द्वारा यह चिह्नित किया जाएगा कि छात्र ने परीक्षा गतिविधि को "पूर्ण" कर लिया है। और प्रश्नोत्तरियों के समान ही वे उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक अंकों को प्राप्त करने हेतु जितनी बार चाहें उतनी बार परीक्षा दे सकते हैं, बस उन प्रयासों के बीच कम से कम एक घंटे का अंतराल होना जरूरी है।